हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

11 हॉटस्पॉट स्थानों पर पुलिस ने बढ़ाई निगरानी



12 आईएमए का सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम संपन्न



## नारनौंद क्षेत्र में सीएम फ्लाइंग की बड़ी कार्रवाई

# भारी मात्रा में एक्सपायर कीटनाशक बरामद

### गांव कागसर में बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की दुकान पर रेड कर दवाओं को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

गांव कागसर में गुरुवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर एक बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की दुकान पर छापा मारा। इस दौरान टीम को वहां 24 प्रकार की एक्सपायरी कीटनाशक दवाइयां मिलीं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ कृषि विभाग की एसडीओ प्रीति वर्मा, एसएमएस आरती, एएसआई सुरेंद्र और एचसी विजय भी मौजूद रहे।

#### छापेमारी में 24 प्रकार की एक्सपायर दवाइयां बरामद

सीएम फ्लाइंग टीम ने गांव कागसर में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर एक बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की दुकान पर छापा मारा। इस दौरान टीम को वहां 24 प्रकार की एक्सपायरी कीटनाशक दवाइयां मिलीं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई का नेतृत्व कर रही सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना के साथ कृषि विभाग की एसडीओ प्रीति वर्मा, एसएमएस आरती, एएसआई सुरेंद्र और एचसी विजय भी मौजूद रहे।



नारनौंद। गांव कागसर में दवाइयों की दुकान में जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो : हरिभूमि

#### दवाइयां करवाई नष्ट

कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में इन सभी एक्सपायरी दवाइयों को सुरक्षित तरीके से मिट्टी में गड्ढा खोदकर नष्ट कर दिया गया। इंचार्ज सुनैना ने बताया कि इसके अलावा दुकान में रखे गए धान के बीज के नमूने भी अधिकारियों द्वारा जांच के लिए एकत्र किए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला में भेजा जाएगा ताकि उनकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जा सके।

#### सरकार के स्पष्ट निर्देश

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के लिए स्पष्ट निर्देश हैं कि वे अपनी दुकानों में किसी भी प्रकार की एक्सपायरी दवाइयां न रखें। साथ ही, बिना वैध लाइसेंस के कीटनाशकों की बिक्री कानूनन अपराध है।

#### मिली थी गुप्त सूचना

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव कागसर में स्थित बाबा माडू बीज भंडार नामक दुकान पर भारी मात्रा में एक्सपायरी कीटनाशक दवाइयां स्टॉक की गई हैं। दोपहर के समय की गई छापेमारी के दौरान दुकान संचालक विनोद कुमार से पूछताछ की गई। जांच में पुष्टि हुई कि स्टॉक में रखी गई 24 प्रकार की कीटनाशक दवाइयां अपनी मियाद पूरी कर चुकी थीं।

### कागसर के निजी गोदाम में बिना दस्तावेज 1256 क्विंटल गेहूं का भंडारण बरामद

- सीएम फ्लाइंग ने गोदाम संचालक पर लगाया 1.88 लाख रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

गांव कागसर में गुरुवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने अवैध भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गोदाम में बिना दस्तावेजों के भारी मात्रा में गेहूं का स्टॉक पकड़ा। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ नारनौंद मार्केट कमेटी के उपसचिव रवि कुमार, एएसआई सुरेंद्र और एचसी विजय मौजूद रहे।

#### गोदाम पर मारा छापा

टीम ने गांव में स्थित एक निजी गोदाम पर दबिश दी, जहां गेहूं का बड़ा भंडारण पाया गया। पूछताछ में गोदाम संचालक विनोद कुमार गेहूं की खरीद से जुड़े कोई वैध दस्तावेज या मार्केट फीस रसीद प्रस्तुत नहीं कर सका।



नारनौंद। गेहूं के स्टॉक को चैक करते हुए टीम इंचार्ज सुनैना व अन्य।

#### छापे की सूचना से मची अफरा-तफरी

छापेमारी की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों और आसपास के व्यापारियों को मिली, पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने स्पष्ट किया कि अनाज के किसी भी प्रकार के भंडारण के लिए वैध खरीददारी, लाइसेंस और मार्केट फीस भुगतान अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सरकार के आदेशानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी इस तरह की अनियमितताओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी और कार्रवाई जारी रहेगी। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि विनोद कुमार के खिलाफ मार्केट कमेटी की निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करने और बिना दस्तावेजों के अवैध रूप से गेहूं स्टोर करने के आरोप में मौके पर ही 1,88,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। गेहूं की मात्रा का आकलन मार्केट कमेटी के अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। जिसमें लगभग 1256 क्विंटल गेहूं पाया गया। विनोद कुमार ने मौके पर जुर्माना नहीं भरा है और उससे प्रशासन द्वारा जुर्माना की उक्त राशि भरवाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मंत्री रणबीर सिंह गंगवा आज गांव शिकारपुर में

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 4 जुलाई को गांव शिकारपुर में सड़क परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा शिकारपुर-नियाना रोड से लेकर पुल (बालसमंद ब्रांच) तक श्मशान घाट/सरकारी स्कूल के रास्ते बनाई जाएगी। इस सड़क के निर्माण से बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

### ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम 10 को

**हिसार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 10 जुलाई को कैमरी रोड स्थित श्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन श्री ओमानंद महाराज ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में पूरी श्रद्धा के साथ कई धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज ने बताया कि 10 जुलाई को प्रातः विद्वान ब्राह्मणों द्वारा सर्वमंगल कामना के लिए हवन-यज्ञ करवाया जाएगा।

### सरसों के तेल के रेट में वृद्धि पर चिंता जताई

**हिसार।** जनवादी महिला समिति जिला कमेटी ने प्रदेश सरकार से बीपीएल परिवारों को दिया जाने वाले सरसों के तेल की कीमतों में बढ़ोतरी को वापिस लेने की मांग की है। जिला अध्यक्ष शकुन्तला जाख़ड़, सचिव बबली लाम्बा व कोषाध्यक्ष निर्मला ने कहा कि एक तरफ बढ़ती बेरोजगारी ओर दूसरी तरफ महंगाई ने आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल कर दिया है।

### ओशो ध्यान उपवन में गुरु पूर्णिमा उत्सव 10 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। ध्यान शिविर प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। दोपहर 1.30 बजे सभी साधकों में लंगर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस दौरान साधकों को विभिन्न सत्रों में काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा।

### सरसों के तेल के दाम बढ़ाना जनविरोधी कार्य

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी हिसार हलका अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार जन विरोधी फैसले लेकर प्रदेश के बीपीएल धारकों, मध्यमवर्गीय लोगों और किसानों को प्रताड़ित कर रही है। जबकि इन्हीं लोगों ने बीजेपी की सरकार हरियाणा प्रदेश में बनवाई थी बावजूद इसके इन वर्गों को राहत देने की बजाय परेशानियां पैदा कर रही है।

### शिविर में एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने जन समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में बाबा श्री श्याम तोरण द्वार के निकट बरसाती पानी निकासी की समस्या को नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### निजी बस परिचालक पर युवक ने किया हमला

**हिसार।** चलती बस में खिड़की पर खड़ा एक युवक परिचालक पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। घटना गुरुवार सुबह बस स्टेंड के गेट के पास हुई। गांव गारनपुरा निवासी घायल परिचालक अमनदीप को नागरिक अस्पताल में लाया गया है। घायल अमनदीप के अनुसार गुरुवार सुबह 8 बजे बस चालक के साथ बस स्टैंड पर बस में सवारी लेकर तोशाम के लिए चला था।

## छात्राओं को नाटक की बारीकियां सिखाईं

- राजकीय कन्या विद्यालय गंगवा में रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा में 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्रधानाचार्या सुमेधा ने बताया यह 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के सहयोग से 'निर्माण नाट्य रंग' के सदस्यों द्वारा 3 से 22 जुलाई तक विद्यालय में लगाई जा रही है।

प्रधानाचार्या ने कहा कि विद्यार्थी नाटक और कला के माध्यम से विभिन्न विषयों की खोज करके दूसरों के साथ बातचीत करना, सहानुभूति विकसित करना और विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के प्रति समझ को बढ़ावा देना सीखते हैं। कार्यशाला के निर्देशक सतीश चंद्र ने बताया 20 दिन की कार्यशाला में बच्चों को नाटक की बारीकियां से अवगत करवाया जाएगा। यह नाटक 'नारी शक्ति' पर आधारित है। नाटक के अंदर कई सामाजिक अनसुलझे प्रश्नों का ताना-बाना बुना हुआ है। इस अवसर पर निर्माण नाट्य रंग के सदस्य कुशाल, रोहित, सौरभ मौजूद रहे तथा विद्यालय की ओर से शिक्षक नरेश श्योराण, कोकिला आदि मौजूद रहे।




हिसार। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक गंगवा में कार्यशाला के शुभारंभ पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## शिमला व गुरुग्राम के लिए एसी बस सेवा शुरू

- बसों में आरामदायक सीटें और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध
- हिसार से शिमला का बस किराया 813 रुपये रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राज्य परिवहन के हिसार डिपो ने हिसार से दो अन्य स्थानों के लिए एसी बस सेवा शुरू की है। विभाग के अनुसार अब शिमला व गुरुग्राम के लिए एसी बस सेवा शुरू कर दी गई है। इन बसों में आरामदायक सीटें और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

रोडवेज के अधिकारियों ने गुरुवार को बसों के शुभारंभ अवसर पर बताया कि हिसार से शिमला जाने वाली एसी बस सुबह 9 बजकर 55 मिनट पर हिसार बस स्टेंड से चलेगी। हिसार से शिमला का किराया 813 रुपये रखा गया है और यह बस शाम को सात बजे शिमला पहुंचेगी। यह बस कैथल, अंबाला, चंडीगढ़ सहित 45 स्थानों पर रुकेगी। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले विभाग की सामान्य बसों का शिमला के लिए संचालन हो रहा है जबकि हिसार से शिमला के लिए एसी बस पहली बार चलाई है। साधारण बसों में यह किराया 602 रुपये निर्धारित है। गुरुग्राम के लिए सुबह 6 बजे और दिल्ली के लिए सुबह साढ़े 4 बजे से एसी बस सेवा शुरू की गई है। हिसार से गुरुग्राम का एसी बस किराया 299 रुपए रखा गया है जबकि, दिल्ली रूट पर सामान्य बस का किराया 200 रुपये और एसी बस का 299 रुपये है। फिलहाल हिसार डिपो में कुल 17 एसी बसें हैं। इसके अतिरिक्त, चंडीगढ़ रूट पर लंबे समय से बंद पड़ी सुबह 7:10 बजे और दोपहर 12 बजे की एसी बस सेवाएं भी दोबारा शुरू कर दी गई हैं। इन बसों को बुधवार को ही रूट परमिट मिला था। फिलहाल 17 रूट पर एसी बसें चल रही हैं। 40 सामान्य बसें डिपो में और आएंगी।




हिसार। हिसार से शिमला के लिए शुरू की गई एसी बस। फोटो : हरिभूमि

#### यात्रियों को मिलेगी सुविधा

रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि पहले हिसार से शिमला के लिए सरकारी एसी बस की सीधी सेवा उपलब्ध नहीं थी, जिससे यात्रियों को निजी या सामान्य बसों पर निर्भर रहना पड़ता था। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसी बसें शुरू की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि अभी केवल एसी बसों को ही लगाया गया है। इनमें एक बस रोजाना हिसार से जाएगी और एक शिमला से आएगी। यदि यात्रियों का इन बसों के प्रति रूझान ठीक रहा तो बसों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।




हिसार। सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग करते स्वास्थ्य कर्मचारी और अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जियो फेंसिंग हाजिरी प्रणाली के विरोध में उतरे कर्मचारी

- सिविल सर्जन कार्यालय पर गेट मीटिंग कर नारेबाजी की
- 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे स्वास्थ्य विभाग के हजारों कर्मचारी : नूर मोहमद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के संयोजक एमपीएचडब्ल्यू नूर मोहमद की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों और अधिकारियों ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने को लेकर गेट मीटिंग की।

गेट मीटिंग में सकसं राज्य उप प्रधान सुशीला कुमारी, जिला वरिष्ठ उप प्रधान नरेश गौतम, सहसचिव अशोक सैनी और पूर्व जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि केंद्र व प्रदेश की सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी और जनविरोधी फैसले लागू कर रही है। वक्ताओं ने बताया कि विभिन्न मांगों में मजदूर विरोधी लेबर कोड्स रद्द करने, सरकारी विभागों का तेजी के साथ निजीकरण पर रोक लगाई जाए।

#### समस्या का समाधान नहीं

तालमेल कमेटी संयोजक नूर मोहमद ने बताया कि सरकार विभाग के तमाम चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की लोकेशन आधारित जिओ फेंसिंग हाजिरी प्रणाली लागू करने के लिए लगातार तुगलकी फरमान जारी कर रही है। गत 16 जून को तालमेल कमेटी के नेतृत्व में उक्त गैर संवैधानिक और अव्यावहारिक निर्णय को निरस्त करने को लेकर सिविल सर्जन के मार्फत महानिदेशक को ज्ञापन भिजवाया था। उसके बाद भी समस्या का समाधान करवाने की बजाय कर्मचारियों को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने का माहौल पैदा किया जा रहा है।

## विवाहिता ने निगला जहर, मौत

- पति सहित 7 लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बास थाना के अंतर्गत आने वाले खरकड़ा गांव में गुरुवार को एक विवाहिता द्वारा जहरीला पदार्थ निगल लें लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

जहरीला पदार्थ निगलने के बाद तबियत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुंदर के पति सहित 7 के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर लिया है। मृतका की मां चमेली ने बताया कि उसकी बेटी सुंदर की शादी 2012 में खरकड़ा निवासी बुधराज के साथ की थी। लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल में उसे प्रताड़ित करते रहते थे। चमेली ने सास कश्मीरी, पति बुधराज, चाचा ससुर कर्मबीर, चाची सास कोलन, देवर विकास और सोनू तथा ताऊ ससुर के लड़के संदीप पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए हैं।

#### मां बोली, मेरी बेटी को जबरदस्ती खिलाया जहर

चमेली ने बताया की बेटी द्वारा रात की घटना के बारे में उसे बताने के कुछ देर बाद परिजनों को सूचना मिली कि सुंदर ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। चमेली कहा कि उसकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसको जबरदस्ती जहर खिला कर मारा गया है। उधर, पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि मृतका की मां के बयान पर पति सहित 7 के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका की मौत की सच्चाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही सामने आ पाएगी।

## मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान की शुरुआत : सीजेएम अशोक

**हिसार।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, हिसार के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरुआत की गई है।

यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने के साथ-साथ जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता की भूमिका को रेखांकित करता है। 31 जुलाई तक उपयुक्त लंबित मुकदमों को हिसार स्थित समझौता केंद्र भेजा जाएगा, जहां उनका निपटारा आपसी सहमति के माध्यम से किया जाएगा। इस अभियान में वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, उपभोक्ता विवाद, विभागीय वसूली, भूमि अधिग्रहण मामलों को शामिल किया जाएगा।

### 'जाम्भवाणी हवन' व 'सिंधु जल कलश स्थापना' अनुष्ठान का आयोजन

## सिंधु नदी ज्ञान, आस्था व संस्कृति की धारा : बिश्नोई

- गुरु जम्भेश्वर महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि सिंधु नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि ज्ञान, आस्था और संस्कृति की धारा है।

आज जब विश्व पर्यावरण संकट, जल प्रदूषण और सांस्कृतिक विघटन की समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में सिंधू दर्शन हमें प्रकृति और संस्कृति के बीच सामंजस्य की प्रेरणा देते हैं तथा जल संरक्षण, सतत विकास व सांस्कृतिक चेतना का संदेश देते हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई गुरुवार को गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के सौजन्य से नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर हुए 'जाम्भवाणी हवन' व 'सिंधु जल कलश स्थापना' अनुष्ठान के अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में अपना सम्बोधन दे रहे थे। अनुष्ठान की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने की। संस्थान के अध्यक्ष डा. किशनाराम बिश्नोई उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान में उनके स्वयं के द्वारा सिंधु नदी से लाए गए पवित्र जल के कलश की स्थापना की गई है।



हिसार। हवन में उपस्थित मुख्य यजमान कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### पौधरोपण अभियान भी चलाया

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के ध्वज का रोहण भी किया। इस अवसर पर पौधरोपण अभियान भी चलाया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार ने पौधे रोपित कर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### वरुण जैन के गीत 'माही मेरेया' ने मचाई धूम

**हिसार।** हाई-ऑक्टेन बीट्स और टूटे दिल के गानों के बीच अभिजीत श्रीवास्तव और वरुण जैन का माही मेरेया एक कोमल, शांति देने वाला गीत है। इसमें दर्शाया गया है कि प्यार का वास्तविक एहसास कैसा होता है। यह स्थिर, सुरक्षित और व्यक्तिगत होता है। यह गाना संगीत उद्योग के सबसे बेहतर गायकों में से एक वरुण जैन द्वारा सुपर टैलेंटेड संगीतकार अभिजीत श्रीवास्तव के साथ बनाया गया है। इसके बोल शायरा अपूर्वा ने लिखे हैं। माही मेरेया एक मधुर आलिंगन है, जिसे हिंदी और पंजाबी में गाया गया है। यह शाश्वत प्रेम कहानी के रिश्ते का सार पेश करता है।

### हड़ताल को लेकर मजदूर यूनियन ने की सभा

**बरवाला।** देशभर में 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के जिला संयोजक रोहतास राजली ने गांव ढाणी प्रेम नगर में मजदूरों की सभा को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए मजदूरों, किसानों और आम जनता से इस हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। रोहतास राजली ने कहा कि देश का खेतीहर मजदूर लगातार संकट में घिरता जा रहा है। सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं पर बजट में कटौती कर रही है और मनरेगा जैसे रोजगार गारंटी कानून को कमजोर किया जा रहा है।

### खो-खो में ढांड ने गुराना टीम को 24-21 से हराया

**हांसी।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हांसी पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को गांव गुराना में खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर युवाओं को खेलों की ओर प्रति प्रेरित तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के प्रति जागरूक किया। हांसी पुलिस नशा मुक्ति टीम के प्रभारी एएसआई दीपक कुमार ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता में गुराना, मसुदपूर, ब्याना खेड़ा व ढांड गांव की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ढाड और गुराना गांव की टीमों के बीच हुआ। दांड ने गुराना की टीम को 24-21 से हराकर जीत हासिल की। नशा मुक्ति टीम प्रभारी एएसआई दीपक कुमार ने ग्रामीणों व खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों, यातायात नियमों, और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### माता गोदांबा व पदमावती की निकली शोभा यात्रा

**हिसार।** विभिन्न संस्कृतियों में सामंजस्य स्थापित करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में अलग-अलग दिन माता गोदांबा व माता पदमावती की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इन शोभा यात्राओं में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर अपनी आस्था जताई। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय तिरुपति बालाजी, जय भगवान वेंकटेश, जय माता गोदांबा व जय माता पदमावती के उदघोष से गुंजायमान हो गया। शोभा यात्रा के उपरांत सभी भक्तों में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार को पूरे विधि-विधान से प्रातः माता गोदांबा का तिरुमंजन करके पूजा व आराधना की गई।

## महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति जागरुकता अभियान जारी

# शहर के हॉटस्पॉट स्थानों पर दुर्गा शक्ति टीम ने बढ़ाई निगरानी

महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सहायता संसाधनों के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम महिला सुरक्षा को लेकर सक्रियता से अभियान चला रही है। टीम द्वारा महिलाओं के साथ छींटाकशी, छेड़छाड़, और पीछा कर परेशान करने जैसी घटनाओं पर प्रभावी निगरानी रखी जा रही है।

साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सहायता संसाधनों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी जारी

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्गा शक्ति टीम को चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जहां वे संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रख रही हैं।

दुर्गा शक्ति टीम द्वारा सार्वजनिक एवं शैक्षणिक स्थलों पर महिलाओं और छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1091, और थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।



हिसार। महिलाओं को जागरूक करते दुर्गा शक्ति टीम। फोटो : हरिभूमि

### सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में बुजुर्गों से संवाद

टीम ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में उपस्थित बुजुर्ग नागरिकों से संवाद किया। इस दौरान उनके सामने आने वाली घरेलू समस्याओं, ब्लैकमेलिंग, या अन्य किसी भी प्रकार की कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही उन्हें साइबर अपराध से बचाव के उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया।

### छात्राओं को गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

दुर्गा शक्ति टीम के साथ ही महिला समर्पित पुलिस टीम ने गुरुवार को आशा स्कूल, 12 क्वार्टर, में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, गुड टच-बैड टच, और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।

# महाराजा अग्रसेन मार्केट में धरनास्थल पर भजनों से माहौल भक्तिमय बना

- महाराजा अग्रसेन मार्केट से शराब ठेका शिफ्ट न होने के विरोध में धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका शिफ्ट न होने के विरोध में मार्केट एसोसिएशन का धरना गुरुवार को भी जारी रहा।

धरने पर श्री सालासर बालाजी मंडल जिंदल पार्क के प्रधान सोहनलाल सिंगला अपने साथियों ऋषिकेश जैन, ओमप्रकाश, संजय सुखीजा, बाबूराम व नरेश के साथ पहुंचे और बालाजी के भजनों से धरना स्थल का माहौल भक्तिमय हो गया। बालाजी मंडल के प्रधान ने कहा कि भगवान की शरण में जाने से बड़े से बड़े संकट का भी निवारण हो जाता है। बालाजी से यही प्रार्थना है कि ठेकेदारों व डीईटीसी को सद्बुद्धि देंगे और ठेकेदार अपने पहले किए वादे के अनुसार शीघ्र ही ठेका को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर लेगा। धरने पर कृष्ण गोयल, डॉ. विनोद, मोहित गर्ग, ओमप्रकाश ज्यानी, प्रेम बंसल, राजकुमार, संजय गोयल, हरीश बांगा, संजीव बत्रा, अशोक कुमार बांगा, मदनलाल सिंघल, राकेश शर्मा आदि बैठे।



हिसार। धरने पर बैठे दुकानदार व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**उकलाना।** गांव नया गांव के शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मेरिट प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी मनीराम कजिया पहुंचे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच अनूप सिंह की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य बलबीर सिंह तथा अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को सम्मानित किया।




उकलाना। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

# बाल भवन में लगाए गए शिविर के दौरान 65 यूनिट रक्त किया एकत्रित

- सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों की उपस्थिति रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन परिसर में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बाल भवन में पहली बार आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों व गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन हांसी के प्रधान रविंद्र शर्मा ने की। शिविर के आयोजन में "हमारा परिवार" संस्था एवं जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार की सक्रिय भूमिका रही। शिविर में कुल 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन को संजीवनी देने का कार्य करेगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदीप, अमरजीत, पूजा टंडन, नरेंद्र, अरुण, पूजा गांधी, मनीषा, कुलदीप, रति, मुक्तेश्वर, ओमपाल, सोनू, रोहताश, डॉ. कुलदीप सत्यावती सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।



हिसार। रक्तदाताओं को सम्मानित करते डीडीपीओ नरेंद्र सिंह।

# भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति से अमल : कुलदीप

- पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं से बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल कर रही है। सरकारी सिस्टम से भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं।

पिछले कुछ समय में ही 129 राजस्व अधिकारियों पर एक साथ चार्जशीट की मंजूरी दी है, 6 महीनों में 50 से अधिक भ्रष्ट अफसरों पर कारवाई की गई है तथा कई निलंबित किए हैं। इस तरह के कदम उठाने से आम जनमानस को राहत मिलती है, क्योंकि दैनिक रोजमर्रा के कार्यों के लिए ज्यादातर उन्हें ही सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं।

कुलदीप बिश्नोई हिसार आवास पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे।

इससे पूर्व उन्होंने आदमपुर हलके के सदलपुर, मंडी आदमपुर, ढाणी सीसवाल, डोभी, खारिया, सुंडावास, बुडाक सहित कई गांवों विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया तथा लोगों के सुख-दुख में शिरकत की। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी राज्य के हर क्षेत्र का बिना किसी भेदभाव के विकास करवा रहे हैं।



हिसार। आदमपुर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मिलते कुलदीप बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

# पुनर्मूल्यांकन में विशेष ने बरवाला में पाया प्रथम स्थान

- छात्र विशेष का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 96 .2 फीसद रहा
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी स्टाफ ने छात्र विशेष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी के छात्र विशेष ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 96.2 प्रतिशत अंक लेकर खंड बरवाला में प्रथम स्थान हासिल करके अपने परिजनों, गुरुजनों व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र विशेष का विद्यालय प्रिंसिपल सुभाष बिश्नोई, सोशियोलॉजी लेक्चरर प्रदीप ढिल्लों, इंचार्ज उमा शर्मा व मनिका ढूल समेत समस्त स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। ढिल्लों और शर्मा ने बताया कि जब दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आया तब दसवीं कक्षा के छात्र विशेष के 92 प्रतिशत अंक आए थे और सामाजिक अध्ययन विषय में 80 में से 36 अंक आए थे। छात्र विशेष के सामाजिक अध्ययन विषय में कम अंक आने पर छात्र विशेष समेत स्टाफ संतुष्ट नहीं हुए। छात्र विशेष के सामाजिक अध्ययन विषय का पुनर्मूल्यांकन करवाया तो उसके अंकों में 40 अंकों का इजाफा हुआ तो छात्र विशेष समेत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई।

सामाजिक अध्ययन विषय का पुनर्मूल्यांकन करवाने के पश्चात छात्र विशेष 500 में से 481 अंक 96.2 प्रतिशत अंको के साथ खंड बरवाला में प्रथम स्थान पर रहा। इससे पूर्व इस छात्र विशेष के कुल 92 प्रतिशत अंक आए थे। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुभाष बिश्नोई, नीलम, मधु, सुनीता, सुमन, मनिका, दया किशन गूंदली, सज्जन बूरा, प्रवीण गूंदली, रणधीर, अनिल, शेखर, लक्की व एसएमसी प्रधान पार्षद राधेश्याम गूंदली आदि मौजूद रहे।



बरवाला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाजमंडी स्टाफ प्रथम स्थान प्राप्त छात्र विशेष का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष जागरुकता अभियान

- सिविल ड्रेस में भी पुलिस की टीम को तैनात किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस द्वारा महिलाओं को अपराधों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान महिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा गुरुवार को हांसी जिला पुलिस क्षेत्र के नारनौंद, बास व हांसी शहरी एरिया में कॉलेज, पार्क, शिक्षण संस्थान पर छात्राओं व महिलाओं से मुलाकात की गई। महिला पुलिस टीमों ने बस स्टैंड, मुख्य बाजार, एसडी महिला कॉलेज रोड़, प्रताप बाजार, बड़सी गेट, छाबड़ा चौक, बजरिया चौक, नारनौंद व बास में भीड़भाड़ वाले क्षेत्र व रोडवेज बसों में महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसने, छेड़छाड़ और बदतमीजी जैसी हरकतें करने वालों के खिलाफ विशेष सर्च अभियान चलाया। सभी जगह सिविल ड्रेस में भी पुलिस की टीम को तैनात किया गया।



हांसी। विद्यालय में छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी।

# सरकार को पूंजीपतियों के हितों की चिंता : प्रभु

- 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ के जत्थों ने विभागों में गेट मीटिंग शुरू कर दी है।

गुरुवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बीएंडआर ब्रांच, हिसार द्वारा गेट मीटिंग की गई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव सुनील कुमार ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के जत्थे के नेता प्रभु सिंह, विनोद प्रभाकर व शमशेर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को केवल पूंजीपतियों के हितों की चिंता है। सरकार को आम जनता, कर्मचारी व मजदूरों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। यही कारण है कि सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी व जनविरोधी नीतियां लागू कर उनके हितों पर कुठाराघात कर रही है। ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा व सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सभी कर्मचारी 9 जुलाई की हड़ताल में भाग लेते हुए सफल बनाने का काम करेंगे।

## नवीनतम जानकारी के साथ हमेशा रहें सतर्क : एसडीएम

# स्मॉक डिटेक्टर यंत्र के पास जाने पर बजा सायरन

- संयुक्त कार्यालय परिसर भवन में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए गुरुवार को संयुक्त कार्यालय परिसर भवन में एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। इसमें डीएसपी राज सिंह, सिद्धार्थ बिश्नोई तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी शामिल हुए।

उन्हें आगजनी की घटना से निपटने के लिए आवश्यक टिप्स तथा फायर सेफ्टी यंत्रों का उपयोग करने बारे प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया। हाल ही में संयुक्त कार्यालय परिसर भवन में फायर सुरक्षा सिस्टम स्थापित करवाया गया है। इस व्यवस्था को भी परखा गया। सबसे पहले कृत्रिम रूप से धुएं की व्यवस्था की गई। जैसे ही धुआं स्मोक डिटेक्टर यंत्र तक पहुंचा बिल्डिंग में सायरन बजाना शुरू हो गया। तमाम विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी ग्राउंड फ्लोर पर एकत्रित हो गए।

एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि आपदा कभी भी सूचना देकर नहीं आती है इससे निपटने के लिए नवीनतम जानकारी के साथ सतर्क रहें। ऐसा करके बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। पंखे, कूलर, एयर कंडीशनर तथा अन्य इलेक्ट्रिकल यंत्रों को दिन में कुछ समय के लिए आराम देना चाहिए, जिससे यह कम खराब होंगे और हमें लंबे समय तक उनकी सेवाएं मिलती रहेगी। दूसरी तरफ बिजली की बचत होगी और आगजनी की घटनाओं में भी कमी आएगी। सांई फायर अप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सतीश शर्मा ने बताया कि इस पूरे भवन में आगजनी की घटना को रोकने के लिए आधुनिक सेंसर युक्त सिस्टम स्थापित किया गया है। पूरी बिल्डिंग में स्मोक डिटेक्टर लगाए गए हैं। बिल्डिंग परिसर में धुआं उठने की स्थिति में सायरन बजता है ताकि लोग समय रहते बिल्डिंग से सुरक्षित बाहर निकल सके।



हांसी। फायर मॉक ड्रिल के दौरान अग्नि सुरक्षा यंत्र से कृत्रिम आग को बुझाते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो :हरिभूमि

### 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारी में सभा आयोजित

**हांसी।** केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई की प्रस्तावित हड़ताल की तैयारी में ब्लाक हांसी के विभागों में कन्वेंशन की गई। सर्व कर्मचारी संघ के जत्थे ने आईटीआई, सिंचाई, बीएंडआर, जनस्वास्थ्य, नगरपालिका, स्वास्थ्य, बिजली व अन्य विभागों में सरकार की कर्मचारी आम जनता विरोधी नीतियों का प्रचार किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## सूचना

मैं, विनोद कुमार पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी गांव मोहब्बतपुर तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि अनुज बैनीवाल मेरा लड़का है जिसने मोगा देवी मिण्डा मैमोरियल स्कूल, बगला तहसील आदमपुर जिला हिसार में दसवीं कक्षा उर्तीण कर ली है। मेरे लड़के की जन्मतिथि 26.07.2010 है। मेरे इस लड़के के स्कूल रिकार्ड में इसका नाम अनुज दर्ज है जबकि इसका वास्तविक नाम अनुज बैनीवाल है। अब मैं मेरे इस लड़के के स्कूल रिकार्ड में इसका नाम अनुज की बजाए अनुज बैनीवाल संसोधन करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक काबू

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए 30,500 रुपए के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तम नगर कालोनी निवासी प्रिंस के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू ऑटो मार्केट में एक युवक सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंच आरोपी प्रिंस को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास 30,500 रुपये तथा सट्टा पर्ची बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करके रुपए को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी पर केस दर्ज कर लिया।

### अवैध देसी शराब की 10 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** पुलिस द्वारा जिला भर में नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों लगाम लगाते हुए थाना शहर पुलिस ने अवैध देसी शराब की 10 बोतल के साथ चद्दर पुल निवासी हसंराज उर्फ हसां को गिरफ्तार किया है। अनाज मंडी चौकी प्रभारी एसआई भीम कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान हुडा सेक्टर 6 के चौक पर खड़े एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके पास अवैध देसी शराब की 10 बोतल बरामद हुई। अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शहर थाना में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### चेक बाउंस केस में आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हांसी।** जिला भर में उद्घघोषित आरोपितों, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिसाय पुल चौकी पुलिस ने चेक मामले में उद्घघोषित आरोपी ढाणी शोभा निवासी रविदास को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### 21 बेसहारा पशुओं पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा गुरुवार को गांव सातरोड व बीएचपी कॉलोनी के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### पूर्व चेयरमैन मामन राम की धर्मपत्नी का निधन

**हांसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन मामन राम सैनी की धर्मपत्नी अनारो देवी का गुरुवार को निधन हो गया है। लगभग 78 वर्षीय अनारो देवी कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार समाधा रोड स्वर्ग आश्रम में किया गया। सैनी सभा चैरिटेबल ट्रस्ट, श्री रामा ड्रामाटिक क्लब, महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति इत्यादि संस्थाओं ने अनारो देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।



अनारो देवी (फाइल फोटो)

### गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिला प्रक्रियों जोरों पर

**हिसार।** तेजी से बदलते तकनीकी युग में पॉलिटेक्निक शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार योग्य बनाने का सशक्त माध्यम बन रही है। संस्थान में कुल 13 प्रमुख शाखाएं उपलब्ध हैं। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 120 सीटें, सिविल इंजीनियरिंग में 60, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 120, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, फाइनेंस-अकाउंट्स एंड ऑडिटिंग, फैशन डिज़ाइन, फैशन टेक्नोलॉजी, टैक्सटाइल डिज़ाइन, टैक्सटाइल टेक्नोलॉजी, टैक्सटाइल प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिकस में 60-60 सीटें है।

## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने दी शुभकामनाएं

# पर्वतारोही नरेंद्र कुमार माउंट एल्ब्रस को करेगा फतह

**यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई करने का साहसिक निर्णय लिया है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव मिंगनी खेड़ा के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई करने का साहसिक निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पर्वतारोही नरेंद्र कुमार को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए प्रस्थान से पहले फ्लैग ऑफ कर शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा न केवल नरेंद्र कुमार के लिए बल्कि हरियाणा और देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने पर्वतारोही के साहस और समर्पण की सराहना की और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। यह चढ़ाई केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि अपने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा देने का भी अवसर है। हरियाणा के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार की यह यात्रा निश्चित रूप से प्रदेश के युवाओं में साहस और प्रेरणा का संचार करेगी। सभी की शुभकामनाएं उनके साथ है।



**हिसार।** पर्वतारोही नरेंद्र कुमार को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। *फोटो : हरिभूमि*

#### पर्वतारोही नरेंद्र के नाम कई उपलब्धियां

पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने इससे पहले विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा (ऊंचाई 8,091 मीटर) पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। इतना ही नहीं नरेंद्र कुमार ने पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय उपलब्धियां भी हासिल की हैं, जिनमें माउंट किलिमंजारो पर 5 दिनों में 2 बार चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड बनाना, हरियाणा के पहले व्यक्ति जो माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर चढ़ाई करने का कीर्तिमान स्थापित करना और 15 अगस्त 2021 को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में माउंट युनम पर 151 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराना शामिल है।

#### विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य

नरेंद्र अपने कीमती समय में से समय निकालकर बच्चों को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर के प्रति प्रेरित करते हैं और बच्चों को माउंटेनियरिंग के साथ-साथ करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का अगला लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है।

## हवन यज्ञ करने से वातावरण में होती है शुद्धिः डॉ. एकता सिंधु

- ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद इंडस आरपीएस स्कूल में हुआ यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यजमान ने प्रधानाचार्या नीलम राठी, विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के साथ बड़े ही मनोयोग से यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर छात्रों में नवीन ऊर्जा और उत्साह देखने को मिली। स्कूल की चेयरपर्सन डॉक्टर एकता सिंधु जी ने कहा कि हवन यज्ञ करने से वातावरण में शुद्धि होती है और साथ ही अंतःकरण में भी शांति आती है। उन्होंने कहा कि जल्दी सोना, जल्दी उठना आदमी को स्वस्थ संपन्न और बुद्धिमान बनाता है।

#### दीं शुभकामनाएं

प्रधानाचार्या नीलम राठी ने कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में यज्ञ को वेदारंभ के नाम से जाना जाता है। यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध करता है। इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के जन्म माह पर हर माह यज्ञ का आयोजन करवाया जाता है। विद्यार्थी मंत्र उच्चारण करते हैं, जिससे उसे भाषा का ज्ञान तथा संस्कृति का भी ज्ञान होता है। जुलाई मास में जन्मे विद्यार्थियों ने हवन में आहुति देकर अपना योगदान दिया। प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने उनके जन्म माह की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य व सुखद भविष्य की कामना की।

## हकृवि में विभिन्न प्रशिक्षण किए जाएंगे आयोजित

**हिसार।** हरियाणा कृषि विवि में जुलाई माह के दौरान तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन, कटाई व सिलाई और संरक्षित खेती (पॉली हाउस-नेट हाउस) पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि 7 से 9 जुलाई तक मशरूम उत्पादन तकनीक, 17 से 19 जुलाई मधुमक्खी पालन, 28 से 30 जुलाई तक कटाई व सिलाई तथा संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि तक भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ही विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## सीएम आवास का घेराव 15 को

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन ने किया बड़ा ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की बैठक बीएंडआर रेस्ट हाऊस में जिला प्रधान बलवान सिंह कालीरावणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें सरकार पर जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य मुख्य सलाहकार सज्जन कुमार भारद्वाज ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।



**हिसार।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की बैठक को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

## छात्रों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

- कचरे को सही तरीके से निपटाना ही स्वच्छता की दिशा का पहला कदम : सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

साउथ बाइपास स्थित विज्ड्म स्कूल में नगर निगम सचिव राहुल सैनी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान सचिव सैनी ने बच्चों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डालने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि कचरे को सही तरीके से निपटाना ही स्वच्छता की दिशा का पहला कदम है। साथ ही उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान पर भी विस्तार से जानकारी दी। सचिव ने फॉयल पेपर से होने वाली हानियों से अवगत कराया और बताया यह एल्युमिनियम कण भोजन में जाकर हमारे शरीर में जमा होकर अनेक समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। इस विषय पर भी चर्चा की कि प्लास्टिक कैसे गायों के पाचन तंत्र को खराब करती है। बच्चों से आग्रह किया कि वे इसका प्रयोग बिल्कुल न करें। इस कार्यशाला में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता की शपथ भी ली।



**हिसार।** विज्डम स्कूल में बच्चों को जागरूक करते नगर निगम सचिव राहुल सैनी।

## आउटरीच कार्यक्रम में स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

- आईएमए का विशेष सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आईएमए ने सेक्टर-15ए के वरिष्ठ नागरिक क्लब के सहयोग से एक विशेष सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम समाज में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने और वरिष्ठ नागरिकों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। इसने स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच बातचीत, शिक्षा और आपसी मेलभाव के लिए एक मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में वृद्ध नागरिकों की समस्याओं से सम्बंधित एक स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर डॉ. अनिल भाटिया द्वारा मधुमेह देखभाल, रोकथाम तथा उच्च रक्तचाप, डॉ. रेणु छाबड़ा द्वारा क्रोनिक दर्द प्रबंधन, डॉ. शुभम मेहता द्वारा मानसिक स्वास्थ्य और मनोचिकित्सा, डॉ. अजय गुप्ता द्वारा वृद्धावस्था में देखभाल और चोट की रोकथाम व डॉ. प्रेम मुंजाल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों में यौन स्वास्थ्य जानकारी दी गई।




**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित आईएमए तथा वरिष्ठ नागरिक क्लब के सदस्य।

#### ये रहे मौजूद

सत्र में वरिष्ठ नागरिक क्लब के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने वक्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक बातचीत की, अपनी स्वास्थ्य यात्रा साझा की और व्यक्तिगत सलाह मांगी। कार्यक्रम का समापन एक खुले प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। इस मौके पर डॉ. अनिशा महाजन, डॉ. मेधा जैन तथा डॉ. पूजा भूटानी की विशेष उपस्थिति रही।

### बांध में नहाते वक्त युवक की डूबने से मौत

**नारनौल।** कांटी-खेड़ी के एक बांध में नहाते समय राजस्थान के एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए आया था। नहाते समय उसका पैर फिसल गया तथा संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का नागरिक अस्पातल से पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मांढन थाना के गांव डाबरवास निवासी करीब 37 वर्षीय सोनू अपने दोस्तों के साथ बुधवार शाम को गांव कांटी-खेड़ी में बने एक बांध में नहाने के लिए आया था। मृतक सोनू दो बच्चों का पिता था, जिसमें उसकी बड़ी बेटी की उम्र करीब 11 साल तथा बेटे की उम्र लगभग 8 साल है। वह मजदूरी का कार्य करता था। डेम पक्का बना हुआ है। नहाते समय उसका पैर फिसल गया तथा वह पानी में गिर गया।

## लुवास वैज्ञानिक को वेटरनरी में मिला सम्मान

- लुवास के डॉ. नीलेश सिंधु वेटरनरी डर्मेटोलॉजी में बेहतरीन काम के लिए एसोसिएट फैलोशिप से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के डॉ. नीलेश सिंधु को वेटरनरी डर्मेटोलॉजी (पशु चर्म रोग विज्ञान) में बेहतरीन काम के लिए एसोसिएट फैलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह एसोसिएट फैलोशिप उन्हें हाल ही में पुणे में आयोजित भारतीय वेटरनरी डर्मेटोलॉजी कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में दी गई।



वैज्ञानिक डॉ. नीलेश संधु।

डॉ. नीलेश सिंधु लुवास के पशु चिकित्सालय में कार्यरत हैं और विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया प्रभारी भी हैं। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. डॉ. नरेश जिंदल ने डॉ. सिंधु को बधाई दी और कहा कि ऐसे सम्मान से युवा वैज्ञानिकों को बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलती है। सम्मेलन में देशभर से कई पशु चिकित्सक, विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें त्वचा रोगों की नई तकनीकों और शोध पर चर्चा की गई। इस दौरान तीन अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भी अपने व्याख्यान भी दिए। इस अवसर पर कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, मानव संसाधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज और अन्य वैज्ञानिक डॉ नरेश कक्कड़, डॉ दिव्या अग्निहोत्री, डॉ. तरुण कुमार व डॉ. मनीष शर्मा भी मौजूद रहे। सभी ने डॉ. नीलेश सिंधु को उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और भविष्य में इस क्षेत्र में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।



**हिसार।** अवार्ड मिलने के बाद डॉ. नीलेश संधु को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरेश जिंदल एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी

- मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रम में रोजगार के अपार अवसर

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से संचालित एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है। इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुजविप्रौवि विद्यार्थियों को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुसंधान कौशल, समस्या समाधान क्षमता तथा उद्योग-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय में संचालित एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रम में रोजगार के अपार अवसर हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. महेश कुमार ने बताया कि मैकेनिकल विभाग में ट्रायोबायोलॉजी, थर्मल इंजीनियरिंग, सीएडी/सीएएम, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग एवं अन्य उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं व उपकरण उपलब्ध हैं।

## एडीसी ने एसई को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# समाधान शिविर में फरियादियों ने रखीं समस्याएं

- जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों ने अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पहुंचे आर्य नगर निवासी प्रदीप कुमार की उनकी दुकान के सामने हो रहे अतिक्रमण की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव लांधड़ी निवासी अक्षय की गांव में पीने के पानी की समस्या, सैनियान मोहल्ले के निवासियों की बरसाती नाले के निर्माण, आजाद नगर निवासी मंजू द्वारा अवैध पानी कनेक्शन बंद करवाने व पटेल नगर निवासी शिवकुमार की सीवर बंद होने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ विभाग के एसई को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**हिसार।** समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा। *फोटो : हरिभूमि*

#### आरटीई के तहत दाखिले की शिकायत पर लिया संज्ञान

ग्राम पंचायत देवां के ग्रामीणों द्वारा गली में गंदे पानी की निकासी के लिए नाले के निर्माण के लिए कहा, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मौका मुआयना कर समस्या के निदान को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार भारत नगर निवासी राजकुमार द्वारा उनकी बेटी का आरटीई के तहत दाखिले की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की गहनता से जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

